हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 सराफा कारोबारी के मुनीम से हुई 1.25 करोड़...



07 मोक्ष मार्ग प्रशस्त करती संयम साधना की प्रतीक...



### निर्देश: सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें

# 'राहत राशि वितरण संबंधी कार्य दो दिन में निपटाएं, अन्यथा कार्यवाही होगी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश**



प्राकृतिक प्रकोप से हुई फसल क्षति की राहत राशि का वितरण सभी पात्र किसानों के बैंक खातों में शीघ्र करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को टीएल बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने राहत राशि वितरण में हो रही देरी का कारण पूछते हुए निर्देश दिए कि पटवारी दस्तावेज देने से शेष किसानों से तत्काल प्राप्त कर पोर्टल पर दर्ज करवाएं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि दो दिवस में राहत राशि डालने का कार्य पूर्ण कर ले, इस कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगा।

कलेक्टर ने भावांतर योजना की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए की योजना में खरीदी की निगरानी रखी जाए। कृषकों से ही सोयाबीन खरीदी हो। प्रतिदिन व्यापारी द्वारा कृषकों से खरीदी जा रही सोयाबीन स्टॉक की जा रही है या अन्य जगह बेची जा रही है, इसकी जानकारी रखें। व्यापारियों के गोडाउन को सतत चेक करे और स्टॉक का सत्यापन करें। भावांतर योजना में कृषकों के रकबे का सत्यापन लंबित हो तो तत्काल कर लिया जाए।कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्रयास करे कि शिकायतों के निराकरण में जिला ए ग्रेड और टॉप-5 जिलों में शामिल रहे। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि सीएम हेल्पलाइन को गंभीरता से नहीं लेने तथा समय पर शिकायतों का निराकरण नहीं होने से जिला निम्न ग्रेड में रहने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिक दिवस की लंबित शिकायतों के निराकरण की स्थिति संतोषजनक नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि एक दो दिवस में निराकरण की स्थिति सुधारे अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण आदि लंबित सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर डीईओ को निर्देश दिए कि सेवानिवृत्ति एवं पेंशन प्रकरण से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की सेवानिवृत्ति से संबंधित प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण हो। शासकीय सेवा से निवृत होने के पश्चात किसी भी सेवक को अपने कार्य के लिए परेशान नहीं होना पड़े, प्रकरणों में संवेदनशील रहकर समय पर निपटारा करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समाधान ऑनलाइन में सभी जिलाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे, बिना कारण अनुपस्थित रहने पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुख को निर्देशित किया कि सभी अपने विभागों से नोटशीट व पत्र ई ऑफिस के माध्यम से भेजे। विभागों से आने वाली नस्ती अच्छी तरह पढ़कर, स्पष्ट और अनुशंसा के साथ भेजे। कलेक्टर ने धारणाधिकार के लंबित आवेदनों का भी निराकरण करने के निर्देश एसडीएम, तहसीलदार को दिए। साथ ही बैठक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की जानकारी समय सीमा में कोषालय को भेजने, विभागों में अनुबंधित वाहनों की जानकारी इलेक्शन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश विभागों को दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेमनारायण परमार व जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### नलखेड़ा की सड़कों पर जाम हो गया आम

# प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझते वाहन चालक व राहगीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर की सड़कों पर लगभग प्रतिदिन लगने वाले जाम से वाहन चालक व राहगीर जूझते दिखाई देना आम बात हो गई है। नगर के प्रवेश द्वार लखुंदर नदी की पुलिया से शिवाजी चौराहा, शिवाजी चौराहे से मां बगलामुखी मंदिर तक एवं शिवाजी चौराहे से गणेश चौराहे के मध्य जाम लगना आम बात है। उक्त समस्या वर्षों पुरानी है लेकिन इसके निदान के लिए आज तक प्रशासन द्वारा कोई कार्य योजना नहीं बनाई है। नवरात्रि पर्व के दौरान योजना बनाई जाती है लेकिन उसे भी आधी अधूरी ही लागू की जाती है और समस्या के बीच नवरात्रि समाप्त होने के बाद कोई इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। जाम लगने के सबसे बड़े कारण सड़क तक फैला अतिक्रमण सड़क पर लगने वाले हाथ ठेले व सड़क पर खड़े चौपहिया वाहन है। उक्त कारणों में से किसी पर भी आज तक किसी विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। जिसके चलते जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है।

उक्त मार्गों पर लोगों द्वारा 10 से 25 फिट तक का स्थायी अथवा अस्थाई अतिक्रमण किया हुआ है। इसके बाद या तो सड़क पर चौपहिया वाहन खड़े हो जाते हैं या हाथ ठेले वाले खड़े रहते हैं जिसके कारण मार्ग बाधित होता रहता है। इन पर कार्यवाही नहीं होने से कई लोगों द्वारा अपनी दुकान अथवा मकान के सामने का शासकीय फुटपाथ ही किराए से दे दिया है। इसके साथ ही ऐसे कई दुकानदार हैं जो अपनी दुकानों के सामने अपने ही ग्राहकों के वाहन खड़े नहीं हो इसके लिए हाथ ठेले वालों को खड़ा कर लेते हैं जिसके कारण उनके ग्राहकों के वाहन दूसरी दुकानों के सामने खड़े होते है जिसके कारण कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके साथ ही समुचित पार्किंग के अभाव में मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थ आने वाले दर्शनार्थी मां बगलामुखी चौराहे पर चौराहे से मंदिर मार्ग व गवलीपुरा वाले मार्ग पर अपने वाहन खड़े कर देते है ऐसे में यातायात तरह प्रभावित होता है।

सोमवार को भी दोपहर के समय सरदार पटेल चौराहे से शिवाजी चौराहा व शिवाजी चौराहे से मां बगलामुखी मंदिर मार्ग तक लंबा जाम लगा रहा। लगभग आधा घन्टे से अधिक समय तक वाहन चालक व राहगीर परेशान होते रहे। इस जाम के चलते स्कूली बच्चों की बसे भी फंसी रही जिसके चलते बच्चे परेशान होते रहे।उसके बाद पुलिस जवान पहुंचे और जाम खुलवाया गया। नगर की इस सबसे बड़ी समस्या के निदान के लिए शासन के सभी विभाग जिनमे राजस्व पुलिस व स्थानीय निकाय को संयुक्त रूप से एक कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है जिसमे अतिक्रमण हटाना फुटपाथ पर या सड़क पर व्यवसाय करने वालो के लिए कोई अन्य स्थान आवंटित करना सड़क पर चौपहिया वाहन खड़े नहीं हो इसके लिए एक अलग से पार्किंग बनाना। उसके बाद भी यदि कोई अतिक्रमण करता है सड़क पर व्यापार करता है अथवा सड़क पर वाहन खड़े करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही हो।

### गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार संघ का प्रथम प्रदेश अधिवेशन आयोजित

# गणेश शंकर विद्यार्थी की कलम ब्रिटिश सरकार के खिलाफ हथियार के रूप में चली : सकलेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक और निडर पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के आदर्शों को समर्पित गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित प्रथम प्रदेश अधिवेशन एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम गूगल मीट प्लेटफॉर्म पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन पत्रकारिता के उत्थान, नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रतलाम जिले के वरिष्ठ पत्रकार शिरीष सकलेचा थे। जिन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन और पत्रकारिता के संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की कलम ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध सबसे मजबूत हथियार बनी। आज के डिजिटल दौर में भी हमें उनकी निर्भीकता, निष्पक्षता और समाजसेवा की भावना को अपनाना होगा। सकलेचा ने युवा पत्रकारों से अपील की कि वे फेक न्यूज और सनसनीखेज पत्रकारिता से बचें तथा सत्य और जनहित को सर्वोपरि रखें। इस वर्चुअल अधिवेशन में मध्यप्रदेश सहित पूरे प्रदेश भर से बड़ी संख्या में पत्रकारों और संघ के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अनुमानित रूप से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न सत्रों में हिस्सा लिया, जिसमें संघ के गठन, भविष्य की योजनाओं और पत्रकारिता में चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

अधिवेशन की शुरुआत दीप प्रज्वलन और विद्यार्थी जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई, जबकि समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। संघ आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर पत्रकारों के प्रशिक्षण शिविर, कार्यशालाएं और सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने की योजना बना रहा है। कार्यक्रम का संचालन आशीष जैन ने किया, जबकि तकनीकी सहयोग स्थानीय स्वयंसेवकों ने प्रदान किया।

# आधा घंटे हुई बारिश मौसम हुआ ठंडा

**नलखेड़ा।** सोमवार को नगर सहित क्षेत्र में लगभग आधा घंटा मावठे की झमाझम वर्षा हुई। वर्षा के बाद मौसम ठंडा हो गया। सोमवार को दोपहर में लगभग आधा घंटा तेज वर्षा हुई। देखते ही देखते सड़कों पर पानी बहने लग गया। वर्षा थमने के बाद भी आसमान में गहरे बादल छाए रहे व एक दो बार बूंदा बांदी भी हुई। साथ ही ठंडी हवाएं चलने लगी जिसके चलते मौसम अचानक ठंडा हो गया। इस वर्षा से उन किसानों को जो रबी फसल की बोवनी की तैयारी कर रहे थे उन्हें फायदा होगा। साथ ही मौसम में ठंडक घुल जाने से फसलों को भी फायदा होगा।



# शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों का सतत निरीक्षण करें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। कलेक्टर ने जिले में उचित मूल्य दुकानों पर वितरण एवं ईकेवायसी की प्रगति के साथ गैस एजेंसियों एवं खाद्यान्न सामग्री के उठाव की समीक्षा की गई। बैठक में बताया कि जिला खाद्यान्न उठाव में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है एवं खाद्यान्न वितरण में प्रदेश में अच्छी स्थिति है। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों का सतत निरीक्षण करें। गैस एजेंसियों, पेट्रोल पम्पों पर भी सुरक्षा मानकों इत्यादि का सतत निरीक्षण किया जाए। इस अवसर पर सीजीडी पॉलिसी के तहत मेघा गैस कम्पनी के प्रतिनिधि से कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी, एमएल मालवीय, उपायुक्त सहकारिता, आरएस जरिया, जिला प्रबंधक, अभय जैन, जिला प्रबंधक, दुर्गेश जाट, जिला विपणन अधिकारी विक्रम सिंह परमार, नोडल अधिकारी, रविन्द्र शर्मा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुसनेर, सुरेश गुर्जर एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, आगर एनएस मुवेल के साथ समस्त गैस एजेंसी संचालक उपस्थित रहे।

# ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंट पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए और ग्राम सभाओं में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी गतिविधियां आयोजित की जाएं। ग्राम सभाएं आयोजित करने का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है। जारी निर्देशानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन करने का दायित्व ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव का रहेगा, जिसका पर्यवेक्षण जनपद पंचायत सीईओ एवं संबंधित एसडीएम द्वारा किया जाएगा।

## विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**सीहोर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत युवा, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनसीसी एवं एनएसएस के सदस्य आदि ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीयन लिंक **https://mybharat.gov.in/** है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 है। युवा अपने पंजीयन के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# श्री माधवमहाकाल आरोग्य आश्रम परिवार के तत्वावधान में 2 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी श्री माधवमहाकाल आरोग्य आश्रम परिवार के तत्वावधान में दो नवंबर को भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित मोहित राम पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर आज आश्रम परिवार के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी का यहां पर मौजूद परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया। इस मौके पर कथा व्यास पंडित पाठक ने कहाकि सेवा और दान के काम में हमेशा आगे रहना इसलिए ज़रूरी है, क्योंकि यह व्यक्ति और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी होता है। यह न केवल ज़रूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि देने वाले को भी मानसिक संतुष्टि और खुशी देता है।

हमारे तिवारी ऐसे सेवक है जो हमेशा दान और सहयोग के कार्य में रहते है। उनके द्वारा करीब 150 परिवार को गत दिनों दीपावली के अवसर पर राशन सामग्री के अलावा अन्य वस्त्र और आतिशबाजी का वितरण किया गया था। अपने सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए संस्कार मंच के संयोजक तिवारी ने बताया कि हर समय सेवा कार्य में तत्पर रहना चाहिए। धनी आदमी ही दान नहीं करता है, दान कोई भी कर सकता है, दिल होना चाहिए। सर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामया... सिर्फ एक धारणा नहीं है।

यह मूर्त रूप ले सके, इसके लिए व्यवस्था भी बनाई गई है। दान उसी व्यवस्था का एक हिस्सा है। कहा जाता है कि बांटने से दुख घटते हैं, जबकि सुख बढते हैं। दान सुख की साझेदारी का जरिया है। अगर रूढियों से मुक्त होकर दान की सच्ची अवधारणा को समझा और उस पर अमल किया जा सके तो यह मनुष्यता के समग्र कल्याण का माध्यम बन सकता है। हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत दोनों में ही दान एक परंपरा के रूप में स्थापित है, जिसकी बड़ी महिमा बताई गई है। माना गया है कि सहृदयता और सहायता करने की सोच के साथ किसी जरूरतमंद को कुछ देने का ही अर्थ दान है। अपनी वस्तु पर से अधिकार हटाकर, जिसको दिया जा रहा है उसे उसका स्वामी बना देना, दान कहलाता है। यह अधिकार अगर किसी सुपात्र के हिस्से आता है तो देने वाले के मन को संतोष मिलता है और समाज के लिए भी हितकारी सिद्ध होता है। यानी जो वस्तु अपनी इच्छा से किसी को देकर वापस न ली जाए और साथ ही जिसे दी जा रही है उसके भी काम आए, वही सही अर्थों में दान है। भारतीय परंपरा में दान को कर्तव्य और धर्म दोनों ही माना जाता है। यही कारण है कि दान की महिमा को हमारी सभ्यता में बड़े ही धार्मिक और सात्विक रूप में स्वीकार किया गया है। इसे बहुत कल्याणकारी कर्म माना गया है, क्योंकि इससे त्याग करने की क्षमता बढ़ती है।

### किसानों की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी, अगली बोवनी में होगी देरी

# मावठे ने बढ़ाई मौसम में ठंडक, खेत-खलिहान में पड़ी फसल पर खतरा, किसानों के माथे पर चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिलेभर में गिरे मावठे ने जहां मौसम में हल्की सी ठंडक घोल दी है तो वहीं किसानों के माथों पर भी चिंता की लकीरें खींच दी है। दरअसल एक तरफ किसान जहां अपनी फसलों को समेटकर अगली बोवनी की तैयारियों में जुटे हुए थे, लेकिन बारिश के कारण उनकी ये तैयारियां थम गई हैं। इसके चलते जहां किसानों की अगली बोवनी में कुछ देरी होगी, वहीं खुले आसमान के नीचे पड़ी उनकी फसलें भी खराब होंगी। इधर मौसम विभाग द्वारा चेतावनी जारी की गई है, जिसमें 25 से 29 अक्टूबर तक मौसम के खराब होने का अनुमान लगाया गया है। हल्की बारिश की भी चेतावनी दी गई है।

जिलेभर में लगातार बदलते मौसम के बीच शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को अचानक से बारिश हो गई। यह बारिश कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी के रूप में हुई तो वहीं कई स्थानों पर तेज बारिश हो गई, जिसके चलते किसानों के काम भी बंद हो गए। रविवार को भी दिन में करीब ढाई घंटे तक बारिश होती रही। इसके कारण दिन का तापमान भी गिर गए एवं मौसम में ठंडक घुल गई। एक अनुमान के अनुसार पिछले 24 घंटे में लगभग 2 इंच बारिश हुई है। मौसम विभाग द्वारा एक जून 2025 से अब तक कुल 998.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आरएके कृषि महाविद्यालय सीहोर से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवा की दिशा प्रारंभ में पूर्व से एवं बाद के दिनों में उत्तर पूर्व से रहेगी। हवा की गति भी सामान्य से अधिक 5 से 13 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रहेगी।

### किसानों पर एक बार फिर संकट के बादल

दरअसल इस वर्ष जहां कई स्थानों पर अधिक वर्षा एवं कई स्थानों पर कम बारिश के चलते किसानों की फसलें खराब हो चुकी हैं वहीं अब जिन किसानों ने फसलें निकाल ली हैं उन्हें भी खराब होने का डर है, क्योंकि ज्यादातर स्थानों पर फसलें खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### वार्ड में हुआ मिठाई वितरण कार्यक्रम

**देवास।** वार्ड क्रमांक 40 शांतिपुरा में दीपावली के पावन अवसर पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान करते हुए उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं व मिठाई वितरित की गई। यह सौजन्य वार्ड के समाजसेवी आनंद जगदीश चौधरी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता कार्य में लगे कर्मचारियों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि वही त्योहारों में भी शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर वार्ड की पूर्व पार्षद मंजू जगदीश चौधरी, पार्षद धर्मेंद्र सिंह बैंस सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।कार्यक्रम में अटल चौधरी, गब्बर चौधरी, रामदेव चौधरी, संतोष चौधरी, संदीप चौधरी, पंकज चौधरी, राहुल चौधरी, अमन चौधरी, मयंक चौधरी, राजदीप माछले, नेहाल प्रजापत, जितेंद्र पटेल और वैभव पटेल की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने सफाई कर्मियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और स्वच्छता को लेकर जागरूकता का संदेश भी दिया। उक्त जानकारी वार्ड के राजवीर सिंह चौधरी द्वारा प्रदान की गई।

### संस्थाओं में जमाकर्ताओं को किया सचेत

**देवास।** प्रभारी उप आयुक्त सहकारिता देवास दीपाली खण्डेलवाल ने बताया कि आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएँ मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा शहरी साख सहकारी संस्थाओं में राशि जमा करने वाले सदस्यों को सचेत किया गया है कि शहरी साख सहकारी समितियां अपने सदस्यों के प्रति जवाबदेह स्वायत्त सहकारी संगठनों के रूप में कार्य कर रही हैं। ये समितियां रजिस्ट्रार सहकारिता मध्य प्रदेश के प्रशासनिक नियंत्रण में नहीं है।

### देवास और धार पुलिस के समन्वय से चोरी हुई पूरी रकम की बरामद

# सराफा कारोबारी के मुनीम से हुई 1.25 करोड़ रुपए की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**दीपावली पर इंदौर से सोने-चांदी की खरीददारी के लिए करीब 1.25 करोड़ रुपये लेकर बस से निकला था मुनीम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



छतरपुर निवासी सराफा कारोबारी के मुनीम से हुई 1.25 करोड़ रुपये की चोरी का देवास पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया है। देवास पुलिस ने धार पुलिस से समन्वय कर एक आरोपी को धरमपुरी से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से चोरी गई पूरी रकम बरामद कर ली गई है। देवास एसपी पुनीत गेहलोद के मुताबिक फरियादी आशीष गुप्ता निवासी नौगांव, जिला छतरपुर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय देवास में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका मुनीम नितेश कुमार सेन दीपावली पर सोने-चांदी की खरीददारी के लिए 16 अक्टूबर को करीब 1.25 करोड़ रुपये लेकर बस से इंदौर जा रहा था। बस अगले दिन सुबह करीब 5.30 बजे थाना सोनकच्छ क्षेत्र के पप्पू एंड पप्पू रिसॉर्ट पर रुकी। इस दौरान नितेश बस से नीचे उतरा और जब लौटा तो देखा कि उसकी सीट से पैसों से भरा बैग गायब था।

#### नौगांव छतरपुर का कारोबारी

दरअसल नौगांव छतरपुर के व्यापारी आशीष गुप्ता ने 25 अक्टूबर को देवास एसपी को शिकायत दर्ज कराई थी कि 16 अक्टूबर को मुनीम रितेश कुमार सेन दीपावली की खरीदारी के लिए महाकाल बस से इंदौर के लिए रवाना हुआ था। उस दौरान बस जिले के सोनकच्छ थाना क्षेत्र के पप्पू एंड पप्पू रिसॉर्ट पर रुकी। तभी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बड़ी नगदी चोरी होने के कारण उज्जैन रेंज के आईजी उमेश जोगा और डीआईजी नवनीत भसीन ने घटना को गंभीरता से लिया और देवास पुलिस को विशेष निर्देश देकर मामले का जल्द खुलासा करने को कहा।

#### चोरी हुई पूरी रकम की बरामद

पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई पूरी रकम बरामद की है। वही वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। सोमवार को एसपी पुनीत गेहलोद ने प्रेस वार्ता घटना की जानकारी देकर चोरी का खुलासा किया। दबिश के दौरान आरोपी नामदार पिता शहजाद खान (35 वर्ष, निवासी खेरवा जागीर, मनावर, जिला धार) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई पूरी 1.25 करोड़ की रकम बरामद की, जिसमें 500-500 रुपए के नोटों की कुल 250 गड्डियां थीं।

#### एएसपी के नेतृत्व में गठित हुई टीमें

एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। सैकड़ों सीसीटीवी खंगाले गए। पुलिस ने बस के अंदर और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो अज्ञात आरोपी बैग चुराते हुए दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान धार जिले के धरमपुरी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई। देवास और धार पुलिस ने धार एसपी मयंक अवस्थी से समन्वय स्थापित कर धरमपुरी में संयुक्त दबिश दी। देवास पुलिस और धार पुलिस के समन्वय से एक आरोपी को धरमपुरी धार से गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य अभी फरार है। पूछताछ में आरोपी नामदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उसने बताया कि इस घटना के लिए उन्होंने कार का इस्तेमाल किया था। आरोपी के बयान के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में एसडीओपी सोनकच्छ दीपा माण्डवे, भौंरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे, उनि. आर. के. शर्मा, चौकी प्रभारी चौबाराधीरा उनि राकेश चौहान, प्रआर हरिओम यादव, अभिषेक पाण्डे, सुनील रावत, जितेन्द्र सिंह तोमर, आर सत्येन्द्र सिंह सोलंकी, श्याम बिहारी शर्मा, उमेश सिंह भदौरिया एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान एवं शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही।

# बदहाल इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग को लेकर संभागायुक्त से की मुलाकात

**एजेंसी द्वारा धीमी गति से किया जा रहा काम**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग इन दिनों बाद हाल नजर आ रहा है। डबल चौकी से लेकर कन्नौद तक के बीच में कई हिस्सों में मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा है।

गड्ढों के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। हालांकि नवीन हाईवे मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा धीमी गति से कार्य किया जा रहा है और उक्त मार्ग के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी श्रीजी कंपनी को विभाग द्वारा दी गई है उक्त कंपनी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसको लेकर पूर्व में भाजपा नेता सुनील पुरोहित द्वारा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल से मुलाकात की गई थी और इन समस्याओं को लेकर उन्हें अवगत कराया गया था जिसके बाद सांसद द्वारा इस संबंध में उज्जैन कमिश्नर से चर्चा की गई। उक्त मार्ग पर कई हिस्सों में सड़क गढ़ों में तब्दील हो चुका है। साथ ही कालीसिंध नदी का पुल भी बदहाल स्थिति में हो गया है।

पुल जर्जर हो गया है, जिसके कारण आए दिन पुल पर हादसे हो रहे हैं। वहीं धनतलाब घाट पर भी आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण जाम लग जाता है और आमजन परेशान होते हैं। सोमवार को सुनील पुरोहित ने उज्जैन पहुंचकर संभागायुक्त से बदहाल मार्गों को लेकर मुलाकात की और ज्ञापन दिया।

साथ ही उक्त मार्ग पर होने वाले हादसों की प्रकाशित खबरों की फाइल कमिश्नर को दी गई। पुरोहित ने इंदौर बैतूल मार्ग पर चापड़ा, मोखापिपलिया, कालीसिंध नदी पुल एवं धनतलाव घाट पर आए दिन लगने वाले जाम और नैशनल हाईवे के कामों को गति देने के लिए चर्चा की। साथ ही सिंहस्थ को लेकर नए मार्ग को धाराजी से ओंकारेश्वर जोड़ने का आग्रह किया। इस दौरान ललित यादव, सुदीप पाठक, यश सेनी मौजूद रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता में देवास कॉरपोरेशन विजेता

**देवास।** कबड्डी कॉरपोरेशन देवास के सचिव व सहसचिव मध्य प्रदेश कबड्डी फेडरेशन राजेंद्र सिंह सेंधव ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य अंतर जिला सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप बालिका वर्ग जो कि गोहद जिला भिंड में आयोजित की जा रही है। इसमे उज्जैन झोन की कबड्डी प्रतियोगिता नरेंद्र मोदी खेल प्रशाल नागदा में 26 अक्टूबर रविवार को प्रातः 11 बजे आयोजित की गई। जिसमें देवास कबड्डी कॉरपोरेशन की बालिका टीम कोच संतोष सेवलिया, महेंद्र राजपूत के मार्गदर्शन में विजय रही सम्भाग प्रभारी रविन्द्र यादव व कोषाध्यक्ष मध्य प्रदेश कबड्डी फेडरेशन नंदकिशोर धाकड़ ने बताया खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका राज्यस्तर पर चयन किया जाएगा। इस अवसर पर मुकेश जाट रतलाम, कैलाश पाटीदार,हेमंत कन्नौजे उपस्थित रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह व अन्नकूट महोत्सव संपन्न






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

ब्राह्मण समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिभा एवं बुजुर्ग सम्मान समारोह के साथ अन्नकूट महोत्सव स्थानीय ऑक्सफोर्ड जूनियर स्कूल गीताभवन पर आयोजित हुआ। रविवार को दोपहर 11 बजे से आयोजित इस समारोह में अतिथियों द्वारा समाज के कक्षा 5वीं, 8 वीं, 10 वी, 12 वी और स्नातक की परीक्षाओं में 75 % से अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियो और 75 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले बुजुर्गों का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम समाजजनों द्वारा श्री गीता भवन मंदिर में विराजित भगवान लक्ष्मीनारायण जी एवं श्री हनुमानजी का पूजन कर 56 भोग का नैवेद्य लगाकर भगवान की आरती कर 56 भोग की प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों द्वारा भगवान परशुरामजी के आदमकद चित्र का पूजन-अर्चन, माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया गया। परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला इंदौर, भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष पंडित संजय जोशी, विप्र नारी संस्था संस्थापक प्रमिला शर्मा इंदौर, भूपेंद्र नागर, पूर्व नप अध्यक्ष पीपलरॉंवा अतिथि के रूप में मंचासीन थे।अतिथियों का स्वागत समाज अध्यक्ष पं मनीष जोशी, पूर्व अध्यक्ष पं राजेश रमाशंकर शर्मा, जितेंद्र जोशी, रमेशचंद्र शर्मा, अनिल तिवारी, शंकरलाल शर्मा, विजयालक्ष्मी जोशी, पिंकेश उपाध्याय, अभिषेक शर्मा, अशोक शर्मा, सुनील शर्मा, नरेश उपाध्यक्ष, पं देवेंद्र शर्मा, कुलदीप शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, जितेंद्र दुबे, विनोद शर्मा, राहुल शर्मा, तरुण शर्मा, उज्वल चौधरी, सुमित शर्मा, आशुतोष व्यास आदि ने किया। परशुराम साख संस्था के आय-व्यय का ब्यौरा अध्यक्ष देवेंद्र जोशी ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने कहा कि ब्राह्मण हित सर्वोपरि रखें, यदि ब्राह्मण के लिए कोई बात आती है तो राजनीतिक मतभेद भूल कर हमें उसके साथ आगे आना चाहिए। परशुराम सेवा के माध्यम से हम विधि प्रकोष्ठ, डॉक्टर प्रकोष्ठ के साथ-साथ युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में प्लेसमेंट के लिए भी कार्य कर रहे हैं। ब्राह्मण बहन बेटियों के साथ यदि अत्याचार हो रहा हो तो उसका विरोध हमें खुलकर करना चाहिए क्योंकि यदि हमारी बहन बेटियां सुरक्षित हैं तो हमारा सारा कुटुंब सुरक्षित है। मंचासीन अतिथियों ने 75 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले बुजुर्गों का शॉल, श्रीफल तथा मोतियों की माला पहनाकर सम्मान किया जिसके बाद कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं तथा स्नातक कक्षाओं में 75% अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भगवा दुपट्टा तथा भगवान परशुराम जी के चित्र लगी शील्ड भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्षों का भी सम्मान किया गया। सहभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन नगेन्द्र जोशी आभार सचिव शैलेंद्र शर्मा ने माना।

**हिंदू जागरण मंच ने सौंपा ज्ञापन** देवास। ग्राम अनावटपुरा, पालनगर क्षेत्र स्थित सर्वे नंबर 136 की शासकीय भूमि पर हो रहे कथित अवैध निर्माण को लेकर हिंदू जागरण मंच ने क्षेत्र के नागरिकों के साथ मिलकर सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मंच जिला संयोजक दिनेश राठौड ने शिकायत में आरोप लगाते हुए बताया कि बिना किसी शासकीय अनुमति के उक्त भूमि पर निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जिससे मार्ग बाधित होने की आशंका है।

# जु जित्सू खिलाड़ी रोहिणी के परिजनों ने सुसाइड केस की न्यायिक जांच कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



रविवार को अंतर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट खिलाड़ी रोहिणी कलम ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। इस मामले में वीर रेंगा कोरकू समाज सेवा समिति ने सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदोरिया को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने बताया कि कुमारी रोहिणी कलम न केवल देवास बल्कि पूरे राष्ट्र का गौरव थीं। वह विश्व खेल में चुनी जाने वाली भारत की एकमात्र मार्शल आर्ट महिला खिलाड़ी थीं और देश की पहली आदिवासी खिलाड़ी भी थीं। रोहिणी ने 19वीं एशियाई जुजुत्सु चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर कई पदक जीते थे। परिजनों के मुताबिक इतनी हिम्मतवाली होने के बावजूद रोहिणी ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। यह कदम क्यों और किसके दबाव में उठाया गया, यह जांच का विषय है। समिति ने मांग की है कि कुमारी रोहिणी कलम के मोबाइल की पिछले एक महीने की कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकालकर गहनता से जांच की जाए, ताकि यह पता चल सके कि उन्होंने किससे और क्या बात की थी।जांच के बिंदुओं में यह भी शामिल है कि घटना से कुछ ही समय पहले रोहिणी के कोच ने उनकी छोटी बहन को फोन कर कहा था कि 'जाकर उसको देखो, वह कुछ कर न ले'। इसके तुरंत बाद उनका फांसी पर लटक जाना संदेह पैदा करता है, जिसकी जांच होनी चाहिए।रोहिणी आष्टा के एक स्कूल में पदस्थ थीं, जहां के प्राचार्य और स्टाफ द्वारा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का आरोप है। समिति ने आष्टा के स्टाफ से कड़ाई से पूछताछ करने की मांग की है।

**रेलवे लाइन परियोजना के तहत जमीन अधिग्रहण के विरोध में बैठे किसानों से की मुलाकात**

# पटवारी ने कलवार पहुंचकर किसानों के अनशन को दिया समर्थन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

रविवार शाम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कन्नौद के कलवार गांव पहुंचे और इंदौर–बुधनी रेलवे लाइन परियोजना के तहत उपजाऊ जमीन अधिग्रहण के विरोध में बैठे किसानों से मुलाकात की। पटवारी ने कहा कि सरकार किसानों की जमीनों पर अन्याय कर रही है। किसानों की मांग है कि रेलवे लाइन का रूट कम उपजाऊ जमीन से होकर जाए। "या तो किसानों को बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा दिया जाए या कब्जाई गई जमीन लौटाई जाए।"अनशन पर बैठे किसान केवल जल पर निर्भर हैं और एक माह से अधिक समय से उनका शुगर, बीपी और वजन गिर रहा है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने मोहन सरकार और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी नीयत किसानों के खिलाफ है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भी हमला करते हुए कहा, "उन्होंने मेरा नहीं, देश के किसानों का मजाक उड़ाया। मोदी गारंटी पूरी नहीं हुई। सोयाबीन और गेहूं में किसान की मेहनत का सम्मान करो। इन्होंने मेरा नहीं, किसानों का मजाक उड़ाया है।"पटवारी ने कहा कि कांग्रेस किसानों की इस लड़ाई में पूरा समर्थन देगी और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। पटवारी के साथ जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### पटवारी का जगह-जगह हुआ स्वागत

**चापडा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार के दिन कन्नौद में चल रहे किसानों के धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने पहुंचे थे। इस दौरान इंदौर से कन्नौद जाते समय चापडा क्षेत्र में जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पटवारी का स्वागत किया गया। पटवारी ने भमोरी स्थित शनि मंदिर में पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ पूजा अर्चना की। नेमावर रोड पर किशोर पाटीदार के निवास पर पटवारी रूके जहां पर साल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। ग्राम चासिया निवासी जितेंद्र गोठी, युवराज पाटीदार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता व पाटीदार समाज के लोगों द्वारा पटवारी का पुष्प माला से स्वागत किया गया। साथी ही बामनखेड़ी, बड़ी चौराहा सहित कई स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पटवारी ने कार्यकर्ताओं से चर्चा कर संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, हुकम कंठाली, किशोर पाटीदार, हरि नारायण पाटीदार, गोवर्धन पाटीदार, धर्मेंद्र सेंधव, मनोज पाटीदार, बृजपाल सिंह राजावत, सुरेन्द्र सिंह पटेल, लोकेश पाटीदार,रोशन नागर, गोपाल मुकाती सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया सोयाबीन उपार्जन कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी सोयाबीन उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा भावांतर योजना शुरू की गई है। सोयाबीन उपार्जन के लिए देवास जिले की मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सोमवार को देवास मंडी में सोयाबीन उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और किसानों से चर्चा कर खरीदी कार्य की प्रगति देखी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की सभी मंडियों में यह सुनिश्चित किया जाए कि सोयाबीन उपार्जन में जिले के किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उनके लिए पेयजल, छाव, पार्किंग, समय पर खरीदी, तुलवाई और भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ई-प्रवेश पर्ची, भावांतर योजना अंतर्गत किसान पंजीकरण और सत्यापन संबंधी जानकारी भी संबंधित अधिकारियों से ली। इस दौरान एसडीएम आनंद मालवीय, तहसीलदार हरिओम ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर दो धड़ों में मिला युवक का शव स्कूटी भी मिली

**ललितपुर।** ललितपुर-बीना रेल मार्ग पर एक छात्र का शव दो टुकड़ों में मिलने से हड़कंप मच गया। रेल पटरियों के पास उसकी स्कूटी भी मिली है, जिससे आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना रविवार रात करीब 9 बजे ललितपुर स्टेशन के आगे पुरानी मालगोदाम के आउटर के पास खंबा नंबर 1036/12-14 के बीच हुई। ट्रेन चालक ने सबसे पहले शव देखा और स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी, जिन्होंने आगे कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कोतवाली सदर क्षेत्र के गल्ला मंडी निवासी 22 वर्षीय संस्कार संज्ञा पुत्र आनंद संज्ञा (राजू) के रूप में की। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि संस्कार अपनी दो बहनों में इकलौता भाई था और स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। पुलिस को घटनास्थल से कुछ दूरी पर संस्कार की स्कूटी भी मिली है। छात्र द्वारा आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### रंजिश के चलते घर में घुसकर सरियों से जानलेवा हमला

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर चण्डी मंदिर के पास रहने वाली राजकुमारी पत्नी राजीव कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे उसे व उसके परिवार में लड़के निखिल को हेमन्त पाल, पिन्टू पाल, उदय पाराशर ने एकराय होकर घर में घुसकर गालियां दीं। मना करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व सरियों से मारपीट कर दी, जिससे उसके पुत्र को हाथ-पैर व पीठ, सिर में गंभीर चोटें आयीं है। महिला ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते किये गये जानलेवा हमले में उसका पुत्र लहुलुहान हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह भी बताया कि उसके पुत्र लखन को भी जान से मारने की धमकी दी गयी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व 333 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ढाबा बंद करके बुदावनी की ओर घर जा रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना तालबेहट अंतर्गत ग्राम बुदावनी निवासी सतेन्द्र पुत्र महेश राजपूत ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते शनिवार को रात करीब 11 बजे वह अपने ढ़ाबा को बंद करके अपने घर बुदावनी की ओर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में ग्राम सेरवास के पास सैय्यद खान पुत्र सत्तार खान, राजा सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, सूरज सिंह पुत्र शंकर ठाकुर ग्राम तेरई मिले और कहने लगे कि कुछ दिन पहले उसकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी थी। इसी बात को लेकर गालियां देने लगे। जब उसने मना किया तो मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।-

### खिरकापुरा में युवक से गाली गलौज कर की मारपीट

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला खिरकापुरा निवासी शीला कुशवाहा पत्नी स्व.मुन्नालाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके पुत्र धर्मेंद्र कुशवाहा पुत्र मुन्नालाल को बीती 26 अक्टूबर को शाम करीब 8.20 बजे हरदास कुशवाहा, जसरथ, कान्हा पुत्रगण हरदास कुशवाहा, दीपक कुशवाहा पुत्र जसरथ ने अपने परिवार के साथ एकराय होकर उसके पुत्र को गालियां दीं और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

श्रावकों ने व्रत ग्रहण कर आचार्य श्री से ग्रहण की पुरानी पिच्छिका

# मोक्ष मार्ग प्रशस्त करती संयम साधना की प्रतीक मयूर पिच्छिकाः निर्भयसागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**अभिनंदनोदय तीर्थ में प्रभावना पूर्वक हुआ आचार्य श्री ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन**

अभिनंदनोदय तीर्थ पर वैज्ञानिक संत निर्भयसागर महाराज ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वावधान में प्रभावना पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें श्रावकों ने संयम व्रत के साथ मुनि संघ की पुरानी पिच्छिका आशीर्वाद के साथ ग्रहण की और नवीन पिच्छिका गुरु चरणों में समर्पित की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मध्यान्ह में मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण से हुआ इसके पूर्व में आचार्य श्री के चित्र का अनावरण एवं दीपप्रज्जवलन पुण्यार्जक परिवारों ने किया। आचार्य श्री के पादप्रच्छालन कपूरचंद लागौन एवं विपिन जैन मुम्बई ने किया। आचार्य श्री की संगीतमय पूजन भक्तिपूर्वक श्रद्धालुओं द्वारा की गई जिसमें रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही जो उपस्थित जनसमुदाय द्वारा सराही गई। आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज ने पिच्छिका परिवर्तन को संयम का दिवस बताते हुए कहा इसमें जहां श्रावक संयम के व्रत लेकर धर्म एवं संस्कारों से जुडता है और मुनिराज द्वारा तप और त्याग के दौरान उपयोग में लाई गई संयम का प्रतीक पुरानी पिच्छिका ग्रहण करता है। जो श्रावक के लिए यह असीम पुण्य का कारण बनती है। साधू जीवन में पिच्छिका को अभिन्न बताते हुए आचार्य श्री ने कहा यह जीवन को सन्मार्ग में लगाने के लिए माध्यम बनकर मोक्ष के मार्ग को प्रशस्त करती है। श्रावकों ने व्रत संयम ग्रहण करने के उपरान्त भक्तिपूर्वक नवीन पिच्छिका आचार्य को प्रदान की।

मुनि संघ में आचार्य श्री की पुरानी पिच्छिका ग्रहण करने का पुर्याजन ब्रहमचारी प्रमोद जैन आरसीएम आगरा को मिला जबकि संधस्थ मुनि शिवदत्त सागर महाराज, मुनि सुदत्त सागर महाराज, मुनि मूदत्त सागर महाराज, मुनि पदगदत्य सागर महाराज मुनि गुरुवत्त सागर महाराज, मुनि मेघदत सागर महाराज, मुनि वृषभदत्त सागर महाराज, छुल्लक चन्ददत्त सागर महाराज एवं श्रीदत्तसागर महाराज की पुरानी पिच्छिका सविता राहुल जैन छीपीटोला आगरा, विद्या मुकेश लोहिया, रेखा अनिल पंसारी, पदमा अभिनंदन पंसारी, पद्मा गौरव सिंघई, ममता देवेन्द्र जैन, सुमन अशोक जैन खजुरिया को मिला जिसकी अनुमोदना उपस्थित जनसमुदाय ने जयजयकारों से की। संयम महोत्सव में आमंत्रित अतिथियों का दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष डा अक्षय टड़या, सनत जैन खजुरिया, कैप्टन राजकुमार जैन, प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक जैन दैलवारा द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया। कार्यकम में प्रमुख रूप से नगरपालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोनाली जैन के अतिरिक्त श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा अखिलेश गदयाना, राजेन्द्र जैन थनवारा, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, मुन्ना लाल जैन अभिलाषा, सतीश नजा, अजय जेन गगचारी, मनोज जैन बबीना, आनंद जैन भावनगर, सतीश जैन बंटी बजाज, अरविन्द जैन आप्टीकल्स, जितेन्द्र जैन सजल जैन जौली आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने उठाया बीड़ा

## कलेक्टर व एसपी से मांग, गांव में बंद हो अवैध शराब की बिक्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आबकारी विभाग द्वारा समय-समय पर कच्ची शराब पान नियंत्रण के लिए अभियान चलाए जाते हैं मगर यह अभियान सरकारी दस्तावेजों में सिमट कर रह जाते हैं। जबकि वास्तविक हकीकत कुछ और होती है जब-जब ग्रामीण महिलाएं अपनी दुख भरी दास्ता लेकर जिला प्रशासन तक आती है तो जिला प्रशासन आबकारी विभाग पर कच्ची शराब बिक्री पर रोक लगाने का दवाव बनती है तब नाम मात्र के लिए शराब बिक्री पर दबिश देकर समाचारों में सुर्खियां बटोर कर कार्य इति श्री कर लेते हैं जबकि आमजन के साथ परिवार की महिलाएं इसकी कच्ची शराब से होने वाली पारिवारिक बर्बादी की शिकार हो रही है खाते पीते बर्बाद शराब के कारण बर्बाद हो रहे हैं कई गांव में तो स्थिति यह है कि कच्ची शराब के कारण विधवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और अधिकांश परिवार गांव के शराब के ठेकेदारों के यहां गिरवी भी रखे हैं शराब से होने वाली बर्बादी के मंजर को आबकारी विभाग सिर्फ अपनी धन बिपाशा की पूर्ति में लगी रहती है अक्सर जिलाधिकारी के पास ग्रामीण महिलाएं शराब की बर्बादी के दस्त लेकर आवेदन करके चली जाती है हाल ही में मथुरा सेमराडन की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को गांव में बिकने वाली कच्ची और अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए आवेदन किया है देखने की बात यह है पुलिस अधीक्षक पुलिस आबकारी विभाग से इस अवैध कच्ची और पक्की शराब बिक्री के रोकने के लिए कितने संवेदनशील है।

**युवा ब्राह्मण को जोड़ने का बनाएं लक्ष्य**

## अखंड ब्राह्मण महासभा दिसंबर में करेगी महासमागम



**ललितपुर।** अखंड ब्राह्मण महासभा की बैठक हनुमान धारा मंदिर में आयोजित की गई जिसमें आगामी 21 दिसम्बर को होने वाले ब्राह्मण समाज की महा समागम समारोह की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। सभी विप समाज की युवा बुजुर्गों और मार्गदर्शक ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को दिव्य और भव्य बनाने के दिशा में अपने सुझाव दिए तथा आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ने अपने अपने दायित्व का निर्वहन करने का संकल्प लिया। साथ ही जिले की सभी तहसीलों एवं ग्रामीण ,ब्लॉक स्तर के ब्राह्मण समाज के उत्साही युवा मातृशक्ति ने भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में अपने अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने विचारों पर कोर कमेटी ने सहमति देते हुए कहा कि हर गांवों एवं शहर में समस्त बिप्र ब्राह्मणों तक पहुँचाने के लिए कहा। आगामी 21 दिसम्बर के कार्यक्रम में अखण्ड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संगठन प्रमुख एवं झांसी मण्डल से कई पदाधिकारी गढ़ शामिल होंगे। 21 दिसम्बर के कार्यक्रम में समस्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र अतिथियों के द्वारा वितरित किया जाएगा। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में सियाराम श्रृंगीऋषि, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने अपने विचार रखे। इस मौके में दीपक नायक सौरभ कौशिक,प्रमोद कांकर हरेंद्र रिछारिया, गोपाल दुबे संजू पटेरिया ब्लॉक अध्यक्ष तालबेहट आदि लोग मौजूद रहे।

विद्यालयी छात्राओं को सुरक्षा को लेकर अपराधों के बारे में बताया

## महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में जिले में संचालित मिशन शक्ति फेज-0.5 अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियों टीम द्वारा बस अडडों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीडऩ से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की।

इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच-बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया। महिलाओं, बालिकाओं को बताया गया कि बस, रास्तों, सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफआईआर के लिए जागरुक किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का सावधानी से उपयोग करने एवं इसके माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दे कर जागरुक किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कई कंपनियां करेंगी भागीदारी

## पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय में रोजगार मेला लगेगा कल

■ रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला सेवायोजन अधिकारी आकांक्षा यादव ने बताया कि युवक एवं युवतियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी जनपद-ललितपुर में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर, को प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा। वृहद रोजगार मेले में 1-आर्केटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेन्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 2-हेडलाइन डिजीटल फ्यूचर कन्ट्रोल इण्डिया प्रालि में बीपीओ टेलीकॉलर ऑफिस असिस्टेंट पद हेतु 30 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 4-जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 5-हंसवाहिनी एम्प्लाइमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में ऑफिस मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव पद हेतु 65 रिक्तियां 6-आरके इलेक्ट्रॉनिक्स में डेटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 140 रिक्तियां 7-श्री गनेशा कंसल्टेंट एण्ड मैनपावर सर्विसेज में लॉन ऑफिसर पद हेतु 80 रिक्तियां 8-आरएसवीज्वाइन इंडिया प्रालि में ऑटोमोबाइल सॉल्यूसन टेक्नी पद हेतु 500 रिक्तियां 9-फ्रीडम एम्प्लॉयबिल्टी एकेडमी में टीचर पद हेतु 25 रिक्तियां 10-पटेल बायो फर्टिलाइजर में सेल्स मेन पद हेतु 15 रिक्तियां 11-पुखराज हेल्थ केयर प्रालि में फील्ड एक्सक्यूटिव पद हेतु 50 रिक्तियां 12-एसआईएस प्रालि नीमच मप्र में सिक्यूरिटी गार्ड पद हेतु 100 रिक्तियां 13-सेकमैन सर्विस प्रालि में एमटीएस पद हेतु 20 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियॉ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमें शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियाँ रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे फोनकॉल को सत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर आकर सम्पर्क कर सकते है।

## स्वयं सेवक हाथ मे ध्वज दंड व घोष करते चले

आरएसएस शिवजी बस्ती बजरंग शाखा ने निकाला पथ संचलन



**ललितपुर।** संघ शताब्दी वर्ष के रूप में ललितपुर में तालाबपुरा स्थित डोंडाघाट शिवजी वस्ती बजरंग शाखा का पथ संचलन निकाला गया जिसमें स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश में हाथ मे दंड लेकर घोष करते निकले जगह-जगह लोगो ने पुष्पवर्षा कर स्वयं सेवकों का स्वागत किया। इस मौके पर नगर कार्यवाह रामकुमार नामदेव, जिला व्यवस्था प्रमुख प्रताप गुप्ता, सह वैदिक प्रमुख इंदर पटेल, मुख्य वक्ता छक्कीलाल साहू, हर्ष नामदेव, कैलाश, विनोद, रमेश सिंह, सपन मोहनी, भरत पुरोहित, रविन्द्र जैन, कृष्णकांत साहू, मनोज साहू, छोटू, अभय नामदेव आदि स्वयं सेवक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस की बैठक संपन्न

## अब अनुशासन समिति निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को करेगी चिन्हित

**ललितपुर।** कांग्रेस कमेटी बैठक जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में कोर कमेटी सदस्यों ने कई अहम फैसले लिए गए जिस में जो पदाधिकारी निष्क्रिय है। उन पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए अनुशासन समिति का गठन किया गया। बैठक सभी नगर अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए गए वह शीघ्र बूथ कमेटी बना कर आपने आपने प्रभारियों दे दें और नगर अध्यक्ष ललितपुर, पाली, महरौनी और तालबेहट अपने अपने वार्ड कमेटियां, बूथ कमेटी अति शीघ्र बनाकर भिजवाए। यदि कोई पदाधिकारी शीघ्र कमेटी बना कर नहीं देता तो उस पर प्रदेश स्तर से कार्यवाही की जा सकती है। बैठक में अनुशासन समिति का भी गठन किया गया, जिसमें अनुशासन समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी को बनाया गया। बैठक में संगठन को गति देने के लिए शशिकांत दीक्षित को नगर क्षेत्र का प्रभारी व मु.इमरान को ब्लाक बिरधा का प्रभारी नियुक्त किया गया। संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज हुडैत ने किया। बैठक में पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह, शशिकांत दीक्षित, संजीव चैरसिया, मु.इमरान, रामसिंह यादव, खलक सिंह उपस्थित थे।

गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर आयोजित की गई परिचर्चा

# अन्याय, असत्य के विरुद्ध विद्यार्थी की पत्रकारिता की मशाल मंद नहीं हुई, शब्द गुलामी के गाल पर तमाचे से पड़ते थेः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



गणेश शंकर विद्यार्थीजी की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि महान साहित्यसृष्टा तथा हिन्दी पत्रकारिता के तपते सूर्य गणेश शंकर विद्यार्थी के शब्द गुलामी के गाल पर झन्नाटेदार तमाचे की तरह पड़ते थे।

विरासत में तिलक और गांधी से मिली अन्याय और असत्य के विरुद्ध आग बरसाने वाली पत्रकारिता की मसाल लेकर चलने वाले विद्यार्थी जी की जोशीली ललकार सर्वत्र दिखाई देती है। यहां तक कि अपने प्रताप अखबार में सह संपादक की नौकरी चाहने वालों के लिए अपने रिक्ति विज्ञापन का प्रारूप भी वे इस तरह छापते हैं दो वक्त का भोजन। साल के दो कुर्ते। दो धोतियां तथा सदा एक पैर जेल में रहने की स्थिति जिसे मंजूर हो, आवेदन करे। उक्त विज्ञापन को पढ कर सरदार भगतसिंह और चन्द्रशेखर आजाद ने अपनी दरख्वास्त लगाई और सहर्ष उनका चयन कर लिया गया। अखबार का दफ्तर क्रान्तिकारियों के लिए भारत माता मंदिर तीर्थ बन गया। विद्यार्थी जी की शहादत पर स्वाधीनता संग्राम के महानायक गांधी ने कहा था, ऐसा सौभाग्य मैं चाहता हूँ। मुझे इस बहादुर सपूत से इसीलिए ईर्ष्या हो रही है। समाचार पत्र का लक्ष्य अन्याय के साम्राज्य से छुटकारा दिलाना है।

### सत्य के सूर्य को और ज्यादा देर तक ढके नहीं रह सकते

प्रत्येक मनुष्य जो लाचारी की जंजीरों में जकड़ा हुआ है, उसे तोड़ फेंकने की झनझनाहट अखबारों के स्तम्भों के शब्दों से सुनाई देती रहना चाहिए। आज अखबारों की स्याही और इलेक्ट्रानिक मीडिया के बिजली से आलोकित अक्षरों के कारण मीडिया का चौथा खम्भा इतना शक्तिशाली हो चुका है कि यदि जनमत को अन्य तीन खम्भे किंचित झपकी भरते नजर आ भी जायें तो उन्हें पल भर में जगाते देर नहीं लगती। संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लिए विद्यार्थी जी का प्रदेय ध्रुवतारे की तरह सघन अंधकार के मध्य अपना ऐसा आलोक बिखेर रहा है कि अनौचित्य के बादल सत्य के सूर्य को और ज्यादा देर तक ढके नहीं रह सकते। इलाहाबाद में सरस्वती और अभ्युदय के कार्यालय में बैठकर या कानपुर में प्रताप अखबार के लिए, उनकी कलम से जो शब्द फूल की तरह झरे या अंगारे बनकर बरसे, वे कभी निर्जीव नहीं रह सकते हैं। भारत शब्दों को ब्रह्म मानता है। साहित्य निर्माता होने के नाते उनके शब्द ब्रह्म जैसी व्यापकता और गहराई के कारण पत्रकारिता विज्ञान के लिए सदा सार्व-देशिक रहेंगे। रूसी क्रान्तिदर्शी कवि माया कोवस्कीं का यह कथन विद्यार्थी जी पर एकदम सटीक बैठता है कि किसी कलमकार की ताकत इसलिए मत आंको कि भविष्य में लोग, हिचकियों के साथ उसे याद करते हैं, नहीं, आज भी उसका एक शब्द, एक आलिंगन है, और एक नारा और एक संगीन और एक कोड़ा।

प्रसूताओं से जुड़े शिविरों में लापरवाही पर स्वास्थ्य मंत्री के दखल के बाद कार्रवाई

# प्रभारी सीएस, आरएमओ, 3 बीएमओ व 5 डॉक्टर्स सहित 14 को नोटिस

## नोटिस का संतोषप्रद जवाब न मिलने पर होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला अस्पताल समेत जिले की अन्य 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष शिविरों का आयोजन करवाया गया था। लेकिन इन शिविरों के आयोजन में जिम्मेदारों ने खासी लापरवाही बरती जिसके चलते गर्भवती माताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के इस लापरवाह रवैये को लेकर मीडिया द्वारा प्रमुखता से खबरों का प्रकाशन किया गया। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को इस गंभीर लापरवाही के संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रशासन को जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए।

इस पर अमल करते हुए सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने प्रभारी सिविल सर्जन, आरएमओ, ब्यावरा सिविल अस्पताल अधीक्षक, जिला अस्पताल प्रबंधक, तीन ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, पांच डॉक्टर्स, तीन ब्लॉक प्रोग्राम मेनेजर सहित 14 अधिकारी, कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।


सीएमएचओ के निरीक्षण में राजगढ़, खुजनेर, ब्यावरा में मिली कई अव्यवस्थाएं
प्रसूताओं से जुड़े मातृत्व शिविरों में भी जिम्मेदारों ने बरती लापरवाहियां
नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।
खुजनेर में अव्यवस्था पर संस्था प्रभारी तलब
नरसिंहगढ़ क्षेत्र में 3 मेडिकल स्टोर किए सील
गर्भवती महिलाओं की सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### इन अधिकारियों को जारी हुए नोटिस

शिविरों से सीधे जुड़े जिन जिम्मेदार अधिकारियों को शोकाज नोटिस दिए गए हैं उनमें प्रभारी सिविल सर्जन डॉ पीके जैन, आरएमओ अमित कोहली, जिला अस्पताल प्रबंधक डॉ देवाशीष मर्सकूले, डॉ अंजली माथुर, ब्यावरा अस्पताल अधीक्षक डॉ. सोरेन दत्ता, सीबीएमओ डॉ. जलालुद्दीन शेख, डॉ एस.के. मित्तल, डॉ डी.आर. पच्चीसिया, डॉ आर.के. जैन, डॉ शीला सिंह सहित बीपीएम में रामबाबू दांगी, रवि पिपलोटिया, राजेश यादव को शोकाज नोटिस देने की कार्यवाही की गई है।

### 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित हुए थे शिविर

आपको बतादें कि शनिवार को जिला चिकित्सालय समेत 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविरों का आयोजन किया गया था। इन शिविरों में व्यवस्थाएं और गर्भवती महिलाओं को सही जाँच-उपचार मिल रहा है या नहीं, इसकी निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी।

### संतोषजनक जवाब न मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि बड़ी कार्यवाही के पूर्व फिलहाल कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं ताकि जिम्मेदारों का पक्ष भी जान लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि नोटिस का जवाब संतोषप्रद प्रतीत नहीं हुआ और जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी की लापरवाही सिद्ध होती है, तो उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को भविष्य में गर्भवती महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सीएमएचओ डॉ. पटेल ने भी शनिवार को स्वयं राजगढ़, खुजनेर और ब्यावरा का भ्रमण किया था। वहीं खिलचीपुर सहित अन्य संस्थाओं का भ्रमण जिला अधिकारियों द्वारा किया गया। जहां जहां शिविरों में खामियां दिखाई दीं वहां के जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर सीएमएचओ ऑफिस तलब किया गया है।

जिला अस्पताल के सामने स्थित फॉरेस्ट की वाटिका का मामला

# मेंटेनेंस के अभाव में टूट-फूट रहे ओपन जिम के उपकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वन विभाग द्वारा कुछ वर्षों पूर्व स्थानीय नवीन जिला अस्पताल के ठीक सामने स्थित वनवाटिका में बच्चों सहित आमजनों के व्यायाम आदि के उद्धेश्य से ओपन जिम के कई उपकरण लगवाए गए थे। लेकिन, विभाग द्वारा इन उपकरणों के रख-रखाव और मेंटेनेन्स की तरफ ध्यान नहीं दिए जाने से ये उपकरण धीरे-धीरे टूट-फूटकर अनुपयोगी होते जा रहे हैं। आलम यह है कि लगभग सभी उपकरणों के नट-बोल्ट ढीले हो चुके हैं जिसकी वजह से संबंधित उपकरण का एलाईनमेंट ही पूरी तरह खराब हो चुका है। बेड एलाइनमेंट वाले इन उपकरणों पर कसरत या व्यायाम करने से फिजिकल फिटनेस परफेक्ट रहना तो दूर उलटे बच्चों, आमजनों की मसल्स, हड्डियों आदि के लिए ये खतरा साबित हो सकते हैं। विभाग द्वारा इसी वाटिका में इन दिनों हजारों रुपयों की लागत से सौंदर्यीकरण, पौधरोपण सहित अन्य कार्य करवाए जा रहे हैं परन्तु ओपन जिम के खराब हो रहे उपकरणों पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा है।

### उपकरणों को दुरुस्त करवाने की मांग

विभाग को ओपन जिम के इन उपकरणों का समय-समय मेंटेनेन्स करवाते रहना चाहिए था, लेकिन इस ओर जिम्मेदारों ने कभी ध्यान ही नहीं दिया। वनवाटिका में प्रतिदिन ध्यान, योग, व्यायाम करने आने वाले बच्चों सहित अन्य लोगों ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि इन उपकरणों को दुरुस्त करवाया जाए ताकि ये महज शोपीस बनकर न रह जाएं।



### प्रथम पुण्यतिथि पर ग्रामवासियों ने किया याद

ब्यावरा। समाजसेवी के रूप में अपने परिवार व गांव की चिंता करने वाला राजाराम दांगी पिछले साल एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था जिसके बाद कई दिनों तक भोपाल में इलाज कराने के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका था। ग्रामीणों ने अपने समाजसेवी बेटे के लिए आज शासकीय अस्पताल में फल वितरण करेंगे।

# मेड़तवाल समाज की आराध्य देवी फलोदी माता मंदिर में 30 अक्टूबर को किया जाएगा 56 भोग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



मेडतवाल समाज के तीर्थस्थल रामगंज मंडी खैराबाद स्थित श्रीफलोदी माता मंदिर में अन्नकूट महोत्सव 30 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर 56 भोग का महाप्रसाद फलोदी माता को अर्पित किया जाएगा।

अखिल भारतीय मेड़तवाल (वैश्य) समाज के ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री विष्णुप्रसाद करोड़िया ने बताया कि आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अन्नकूट महोत्सव के संयोजक के रूप में मोहनलाल चैधरी को नियुक्त किया गया है। देशभर से मेडतवाल समाज के हजारों श्रद्धालु खैराबाद पहुंचेंगे तथा अन्नकूट महोत्सव के साथ आयोजित महाआरती में सहभागी बनेंगे। समाज के राष्ट्रीय महामंत्री पुरूषोतम घाटियां ने बताया कि मंदिर में सालभर विभिन्न धार्मिक पर्वों पर विशेष पूजन-अभिषेक का आयोजन किया जाता है। अन्नकूट महोत्सव न केवल समाज में भक्ति और एकता का संदेश देता है, बल्कि मेड़तवाल समाज के सामाजिक-सांस्कृतिक मेल-मिलाप का भी प्रतीक है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामगंजमंडी व खैराबाद में ठहरने हेतु धर्मशालाएं और होटल उपलब्ध है ओर श्रीफलोदी सेवा सदन में भी दर्शनार्थियों के लिए आवास व्यवस्था की गई है वहीं समिति ने सुरक्षा, स्वच्छता और प्रसाद वितरण की व्यवस्थाओं को लेकर विशेष प्रबंध किए है।

# मन की बात कार्यक्रम सुनकर मंत्री टेटवाल ने लिया स्वदेशी का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

रविवार को स्थानीय सेवासदन कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री के प्रेरक विचारों से प्रभावित होकर मंत्री टेटवाल ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के हृदय को छूने वाला लोकसंवाद है, जो जनसेवा, राष्ट्रनिर्माण और समाज के प्रति समर्पण की भावना को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि आज का संदेश जनभागीदारी, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र के उज्वल भविष्य के संकल्प को और दृढ़ करता है। कार्यक्रम के बाद मंत्री टेटवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान के तहत भारत आत्मनिर्भर अभियान का संकल्प पत्र भरकर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लिया। और कहा कि हम सबने ठाना है कि भारतीय उत्पादों का उपयोग करेंगे, स्थानीय उद्योगों व कारीगरों को प्रोत्साहित करेंगे, और 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाएंगे। अंत में मंत्री टेटवाल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

### गर्व से कहो- हम स्वदेशी हैं

स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करें और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, सीएमओ ज्योति सुनेरे, सुधीर श्रीमाल, नवीन रुण्डवाल, राजेश बंसल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंत्री पंवार ने बूथ 19 पर सुनी पीएम मोदी के मन की बात



ब्यावरा। मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने रविवार को बूथ 19 मुल्तानपुरा बूथ अध्यक्ष बनवारी पुष्पद के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी के माध्यम से अपने 127वें 'मन की बात' एपिसोड में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होने वाली मैराथन दौड़ का जिक्र किया और उनकी जयंती मनाने का संदेश दिया साथ ही जीएसटी बचत उत्सव का जिक्र किया और बताया कि इस बार स्वदेशी वस्तुओं की खरीद में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे त्योहारों की रौनक पहले से कहीं अधिक नजर आई। पीएम मोदी ने पिछले साल लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में रिया नामक मुधोल हाउंड कुत्ते की उपलब्धियों का भी स्मरण किया।

## नगर में आवारा कुत्ते व सुअर हटाने की मुहिम चलाई



सारंगपुर। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालिवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे के निर्देश पर नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों एवं सुअरों को नगर सीमा से बाहर करने की विशेष मुहिम चलाई गई। नगर में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से आम नागरिकों, विशेषकर छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों को हो रहे खतरे को देखते हुए नागरिकों व जनप्रतिनिधियों की शिकायतों पर यह कार्रवाई की गई। रविवार को नगर पालिका सारंगपुर के सफाई अमले द्वारा विशेष टीम गठित कर नगर के विभिन्न वार्डों से लगभग 25 से 30 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया और उन्हें नगर से बाहर जंगल क्षेत्र में छोड़ा गया। शेष कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई निरंतर जारी है। साथ ही नगर में घूम रहे आवारा सुअरों के संबंध में सुअर पालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने सुअरों को बांधकर रखें या उन्हें नगर सीमा से बाहर करें। निर्देशों का पालन करते हुए सुअर पालकों द्वारा स्वयं अपने सुअरों को नगर से बाहर ले जाया गया। इस अभियान में स्वच्छता निरीक्षक प्रभारी सतीश कंडारे, सफाई दारोगा जितेंद्र भैरवे, तरुण दावरे एवं सफाई मित्रों की अहम भूमिका रही।

## हल्की बूदांबांदी के बाद ठंडक बढ़ी



जीरापुर। शनिवार को बेमौसम बारिश होने से वातावरण में ठंडक घुल गई। पूरा प्रकृति वातावरण शुष्क बना रहा तथा रविवार को प्रातः हल्की-हल्की धुम नजर आई लेकिन लगभग दोपहर 12 बजे से बारिश के हालात निर्मित हुए एवं बुंदाबांदी सहित फब्बारे के रूप में बारिश शुरू हुई, जिससे सड़कें एवं रास्ते तर-बतर हुए।हालांकि गेहूं चना धनिया कि बुआई भी शुरू हुई जिससे किसानों को इस, हल्की-हल्की बारिश से राहत महसूस हुई है।

## ब्यावराकला में विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



खिलचीपुर। रविवार को खिलचीपुर जनपद के ग्राम पंचायत ब्यावराकला में स्थित शिव मंदिर पर सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख रुपए तथा हनुमान मंदिर चैराहे पर सामुदायिक भवन हेतु 5 लाख रुपए की लागत के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा मेहरबान सिंह दांगी, जिला सहकोषाध्यक्ष बालचन्द दांगी,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील नैनावद सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गण, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

कथावाचन कविता नागर राजगुरु के मुखारविंद से

## भूरी का मैदान प्रांगण में तीन दिवसीय नानी बाई को मायरो कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर भूरी का मैदान प्रांगण में महिला मंडल के तत्वावधान में तीन दिवसीय नानी बाई को मायरो कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ। कथा वाचन कविता नागर राजगुरु द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की सभी सदस्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर संत राजगुरु मंदिर से भेरू दरवाजा होते हुए शोभायात्रा निकालकर किया।

कथा का शुभारंभ रात्रि 8 बजे हुआ जो रात्रि 11 बजे तक चला तथा समापन भोलेनाथ की आरती के साथ हुआ। कथा रविवार तक प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। मंदिर की वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सेविकाओं ने समस्त धर्मप्रेमी महिलाओं से निर्धारित समय पर कथा श्रवण के लिए आने की अपील की है। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि संपूर्ण आयोजन व्यवस्थाओं से लेकर संचालन तक कृ भूरी का मैदान महिला मंडल एवं मंदिर सेविकाओं द्वारा ही किया जा रहा है। इस पुण्य कार्य में कृष्णा बाई चौहान, ललिता राठौर, निर्मला राठौर, गौराबाई राठौर, आशा सोनी, राधा चैहान एवं गोरा बहन चौहान सहित अनेक सेविकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सुकल्या में मन की बात का कार्यक्रम सुना

## देश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर : प्रदेश उपाध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

समीपस्थ ग्राम सुकल्या में रविवार सुबह 11 बजे बूथ क्रमांक 215 पर बूथ अध्यक्ष जगदीश दांगी की अध्यक्षता में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, विधायक मोहन शर्मा सहित सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण जनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 127 वी एपिसोड सुना। जिसमें उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, भारतीय संस्कृति,150 वी वंदेमातरम की वर्षगांठ, वोकल फॉर लोकल एवं सोशल मीडिया के कलाकारों के बारे में बताया गया। मन की बात के प्रभारी दिनेश दांगी, सरपंच प्रतिनिधि मोहन दांगी व मंडल अध्यक्ष रवि मीणा द्वारा नवनियुक्त प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा का 11 किलो की माला पहनाकर ग्रामीण जनों ने स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा की केंद्र सरकार द्वारा पिछले दिनों जी.एस.टी कम होने से इस बार दीपावली के उत्सव रोनक आ गई ,हमारे देश से निर्यात ज्यादा आयात कम हो रहा है हम आत्मनिर्भर बन रहा है।

### संगठन और सरकार को मजबूत करें: जिला अध्यक्ष

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि हम बूथ पर मजबूत थे तभी हम विधानसभा व लोकसभा चुनाव जीते हैं सरकार की योजना की माध्यम से सरकार और संगठन मजबूत करें।

### स्वदेशी अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए स्टीकर



ब्यावरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने कार्यकर्ताओं से लोकल फॉर वोकल अभियान को मिलकर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने के संदेश को हर घर तक पहुंचाना है और युवाओं को इस मुहिम से जोड़कर अभियान को चरम पर ले जाना है।नगर के सभी 18 वार्डों में घर घर स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत अभियान के स्टिकर लगाए और दुकानदारों को स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री के लिए जागरूक करने पर भी बात कही हमारे क्षेत्र में बन रही वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा स्कूलों में जाकर स्वदेशी के प्रति जागरूकता फैलाने को अभियान का हिस्सा बनाने की बात कही गई।

सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोलीं प्रांत संयोजिका

## परिवार को टूटने न दें बल्कि जोड़ने का प्रयास करें: नीता गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सप्तशक्ति संगम की प्रांत संयोजिका नीता गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को दिशा देने और संस्कारयुक्त पीढ़ी तैयार करने के लिए संयुक्त परिवार प्रणाली को पुनर्जीवित करना नितांत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आज भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में परिवारों की आत्मा खोती जा रही है। केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, प्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। भारतीय संस्कृति में स्त्री को परिवार और समाज की धुरी कहा गया है। स्त्री का जीवन "पंच पदी यात्रा" के रूप में पूर्ण होता है। पुत्री, बहन, पत्नी, माता और सास के रूप में। प्रत्येक भूमिका में संतुलन बनाए रखना ही परिवार की स्थिरता और एकता का आधार है। उन्होंने मातृशक्ति से आह्वान किया कि वे किसी भी परिस्थिति में परिवार को टूटने न दें, बल्कि सबको जोड़ने का प्रयास करें।



### एकल परिवार प्रवत्ति से आत्म केंद्रित हो रही जीवनशैली

मुख्यवक्ता ने कहा कि संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति की जड़ है। पहले एक ही छत के नीचे तीन-चार पीढ़ियां साथ रहती थीं, जहाँ बच्चों को बड़ों से स्नेह, अनुशासन और जीवन मूल्य सीखने को मिलते थे। अब एकल परिवार की प्रवृत्ति ने आत्मकेंद्रित जीवनशैली को बढ़ावा दिया है, जिससे परिवार और समाज दोनों में दूरी बढ़ी है। अतः अब समय आ गया है कि हम फिर से संयुक्त परिवार प्रणाली की ओर लौटें। कार्यक्रम में अंत में रामायण और महाभारत से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम को विद्या भारती की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रश्मि रघुवंशी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उमा सक्सेना, हेमलता साहू, प्रीति गौतम सहित अनेक मातृशक्ति उपस्थित रहीं।